औचक निरीक्षण में खुली उपार्जन केंद्र की पोल

- कलेक्टर ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश
- वेयरहाउस संचालक पर कार्रवाई के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा , 31 जुलाई .जिले में मूंग उपार्जन व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सिवनी मालवा विकासखंड के चौतलाय स्थित साईं कृपा वेयरहाउस में संचालित मूंग उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान केंद्र पर कई गंभीर अव्यवस्थाएं सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित वेयरहाउस संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार करने तथा विपणन संघ (मार्केटिंग समिति) सिवनी मालवा के समिति प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वेयरहाउस के मुख्य प्रवेश द्वार पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सुव्यवस्थित कतार नहीं लगाई जा रही थी. वहीं उपार्जन केंद्र तक पहुंचने वाले मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे और जलभराव के कारण किसानों को उपज लाने-ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. मौके पर मौजूद किसानों ने भी केंद्र पर पेयजल, छाया सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के अभाव की शिकायत करते हुए अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं.

एसडीएम विजय राय ने कलेक्टर को बताया कि वेयरहाउस में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में भी संचालक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, लेकिन उसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ. इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित वेयरहाउस संचालक के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. विपणन संघ द्वारा संचालित खरीदी केंद्र पर पर्याप्त संख्या में तौल कांटे उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उपार्जन कार्य प्रभावित हो रहा है और किसानों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है.

अनियमितता बर्दाश्त नहीं

खरीदी स्थल पर तुलाई कार्य में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्काल पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिए . उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और उपार्जन केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही, अव्यवस्था अथवा किसानों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. दोषी पाए जाने वाले संबंधित अधिकारियों एवं संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी .

घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई

पांच सिलेंडर जब्त

पिपरिया. एसडीएम आकिब खान के निर्देशन एवं तहसीलदार वैभव बैरागी के मार्गदर्शन में सहायक आपूर्ति अधिकारी की टीम ने शहर के होटल एवं भोजनालयों में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई की. निरीक्षण के दौरान हाईवे किचन, अमृतसर हवेली, होटल अलका, होटल गीतांजलि सहित सिलारी चौराहा और बस स्टैंड क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की जांच की गई. कार्रवाई में पांच प्रतिष्ठानों से घरेलू श्रेणी के पांच गैस सिलेंडर जब्त कर संबंधित प्रकरण दर्ज किए गए. अधिकारियों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं करने और नियमों का पालन करने की हिदायत दी. साथ ही दोबारा ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार और प्रशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए.

मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियां तेज

विधायक डॉ . सीतासरन शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

इटारसी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 5 अगस्त को संभावित इटारसी आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं.

शुक्रवार को विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचकर प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

जानकारी के अनुसार, बलराम जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसानों को संबोधित कर सकते हैं. उनके जिले के मोहासा क्षेत्र के दौरे की भी संभावना जताई जा रही है. हालांकि, मुख्यमंत्री के अंतिम कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि कलेक्टर स्तर पर समीक्षा के बाद ही होगी.

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे, मंडी विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, एसडीएम नीलेश शर्मा, मंडी सचिव प्रशांत पांडे, तहसीलदार सुनीता साहनी, नायब तहसीलदार कृष्णकांत उईके सहित राजस्व एवं मंडी का अधिकारी-कर्मचारी अमला उपस्थित रहा.

एक नजर में

पंच शेख फारुख ने छात्रा की पढ़ाई का उठाया जिम्मा

इटारसी. शिक्षा और सामाजिक सरोकार का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्थानीय पंच शेख फारुख ने आर्थिक तंगी से जूझ रही एक छात्रा की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का संकल्प लिया . उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला मेहरागांव की कक्षा 10वीं की छात्रा दीपाली सराठे, पिता दीपक सराठे की पूरे शैक्षणिक वर्ष की फीस जमा कराकर उसकी शिक्षा जारी रखने में सहयोग दिया . शेख फारुख ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा दान है और यदि किसी जरूरतमंद बच्चे की पढ़ाई में सहयोग कर उसका भविष्य संवारा जा सके, तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता. उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने की अपील की . इस सराहनीय पहल पर विद्यालय प्रबंधन, छात्रा एवं उसके परिजनों ने शेख फारुख के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया .

ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी का गठन

पिपरिया. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी का गठन प्रदेश और जिला नेतृत्व की सहमति से किया गया . ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र दुबे और नगर कांग्रेस अध्यक्ष उदय राजपूत ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां कीं . ब्लॉक कमेटी में संतोष ठाकुर को कोषाध्यक्ष, दीपसिंह राजपूत, नागेंद्र पटेल और राजेंद्र पटेल को उपाध्यक्ष, जबकि गंगाबाई सहित अन्य कार्यकर्ताओं को महासचिव एवं सचिव पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई . वहीं नगर कार्यकारिणी में अविनाश पुरोहित को कोषाध्यक्ष, नितिन गंगेले सहित अन्य को उपाध्यक्ष, कोमल मेहरा सहित कई नेताओं को महासचिव तथा समीर चिश्ती को मीडिया प्रभारी और नीरज शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया . नरेंद्र दुबे और उदय राजपूत ने कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करेंगे .



ओवरब्रिज डिवाइडर का होगा सौंदर्यीकरण

इटारसी. नगर पालिका परिषद इटारसी ने स्वच्छता और शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में नई पहल करते हुए ओवरब्रिज के डिवाइडर पर पॉलीथीन से निर्मित रैलिंग लगाने का कार्य शुरू किया है . मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के मार्गदर्शन में शुरू की गई यह पहल आरआरआर की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है . नगर पालिका का कहना है कि पुनः उपयोग योग्य सामग्री के इस्तेमाल से शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है . इस नवाचार से ओवरब्रिज का सौंदर्य बढ़ने के साथ ही नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी .

रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक आज

इटारसी. शासकीय चिकित्सालय के सभा कक्ष में शनिवार को दोपहर 12 बजे रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित होगी . बैठक की अध्यक्षता एसडीएम करेंगे, जिसमें अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा और चर्चा की जाएगी . विधायक प्रतिनिधि भरत वर्मा ने बताया कि बैठक समिति के कार्यों और अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बुलाई गई है . उन्होंने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है .

प्रताप कॉलोनी में आवारा मवेशियों का आतंक

हादसे की आशंका से दहशत

नवभारत न्यूज

हरदा.शहर की प्रताप कॉलोनी में आवारा मवेशियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. सड़क पर खुलेआम घूमते और आपस में भिड़ते मवेशियों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है. शुक्रवार को सामने आए एक सीसीटीवी फुटेज में दो सांड सड़क के बीच लड़ते दिखाई दिए. इसी दौरान वहां से दोपहिया वाहन और अन्य लोग गुजर रहे थे, जिससे कुछ पल की चूक बड़ा हादसा बन सकती थी.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रताप कॉलोनी में यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है. लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला या सुरक्षित स्थान पर भेजने तथा शहर की सड़कों को मवेशी मुक्त बनाने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके.

इनका कहना है -

हमारे कर्मचारियों द्वारा इस प्रकार के मवेशियों को पकड़ने का काम लगातार जारी है. इन्हें हम गौशाला एवं कांजी हाउस में भेज रहे है.

रोशन सिंह बाथम
मुख्य नपा अधिकारी हरदा

आम किसान यूनियन ने कलेक्टर से की भेंट

हरदा. आम किसान यूनियन की कोर कमेटी ने शुक्रवार को कलेक्टर से मुलाकात कर हाल ही में हुए किसान आंदोलन के दौरान स्वीकृत मांगों को धरातल पर लागू करने की मांग की. उक्त जानकारी देते हुए यूनियन के सदस्य राम इनानिया ने बताया कि 29 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा गठित मंत्रियों एवं अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल और संयुक्त किसान मोर्चा के साथ हुई वार्ता में जिन मांगों पर सहमति बनी थी, उनका तत्काल पालन किया जाए. यूनियन ने मूंग उपार्जन में प्रति एकड़ 3 क्विंटल के अनुसार स्लॉट बुकिंग व बिल बनाने, ई-टोकन प्रणाली स्थगित कर सहकारी समितियों के माध्यम से खाद वितरण, बिल बनाने में अंगूठे की अनिवार्यता समाप्त कर किसानों को दोबारा अवसर देने की मांग रखी.

लापरवाही पर नापतौल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 एवं रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के दौरान उपार्जन कार्य में प्रयुक्त छोटे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों एवं परिवहन हेतु उपयोग किए जाने वाले तौल कांटो के सत्यापन में अनियमितताओं की शिकायत पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सख्त कार्रवाई की है.

शिकायत में उपार्जन केंद्रों पर स्थापित तौल कांटो एवं भंडारण केंद्रों के तौल कांटो के तौल में अंतर पाए जाने का मामला सामने आने पर कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रकरण की समीक्षा की. प्रकरण में उपार्जन नीति के अनुरूप तौल कांटों का सत्यापन नहीं किए जाने तथा उपार्जन केंद्र एवं भंडारण केंद्र के तौल कांटो के तौल में अंतर परिलक्षित होने को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही माना गया. इस संबंध में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नापतौल अधिकारी, नर्मदापुरम सलिल ल्यूक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि पारदर्शिता, सटीक तौल एवं किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार करेंगे. उपार्जन प्रक्रिया में लापरवाही अथवा निर्धारित नियमों के उल्लंघन के मामलों में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

नवागत जनपद सीईओ राधेश्याम वारिवे ने संभाला कार्यभार

नवभारत न्यूज

इटारसी. जनपद पंचायत नर्मदापुरम के नवागत सीईओ राधेश्याम वारिवे ने पदभार ग्रहण करने के बाद ग्राम पंचायतों का निरीक्षण शुरू कर दिया है. पीसीओ कृष्णकांत मेहरा के साथ ग्राम पंचायत मेहरागांव पहुंचने पर उपसरपंच प्रतिनिधि मुन्ना पाल, विधायक प्रतिनिधि विनय तिवारी और पूर्व जीआरएस जितेंद्र पटेल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया. सीईओ ने ग्राम विकास कार्यों और विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की.

सुल्तानपुर मूंग खरीदी केंद्र पर किसानों के गंभीर आरोप

- उच्चस्तरीय जांच की मांग की

नवभारत न्यूज

सिराली. हरदा जिले के सुल्तानपुर वेयरहाउस में संचालित समर्थन मूल्य मूंग खरीदी केंद्र पर किसानों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं. किसानों का कहना है कि गुणवत्ता परीक्षण में नियमों की अनदेखी की जा रही है और कथित रूप से मिट्टी मिश्रित मूंग भी खरीदी जा रही है.

उनका आरोप है कि असली किसानों की उपज छोटी-छोटी कमियां बताकर लौटाई जा रही है, जबकि बिचौलियों की मूंग आसानी से तौल ली जा रही है. किसानों ने आरोप लगाया कि रिश्वत के दम पर बिचौलियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे शासन को करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका है. किसानों का दावा है कि खरीदी के बाद तैयार किए गए स्टैकों के बीच वाले हिस्से में बड़ी मात्रा में कथित रूप से मिट्टी मिश्रित मूंग की बोरियां रखी गई हैं. उनका कहना है कि यदि स्टैकों का वैज्ञानिक परीक्षण और भौतिक सत्यापन कराया जाए तो पूरे मामले का खुलासा हो सकता है. किसानों ने जिला प्रशासन, विपणन संघ और राज्य शासन से खरीदी प्रक्रिया, सीसीटीवी फुटेज, तौल रिकॉर्ड और गुणवत्ता परीक्षण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है. साथ ही उन्होंने कहा कि यदि जांच में अनियमितता सामने आती है तो संबंधितों पर कार्रवाई की जावेगी.

आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, एक की मौत

पिपरिया. पिपरिया-सांडिया मार्ग पर खापखेड़ा स्थित वृंदावन ढाबा के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. दोनों घायलों को शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉ. ने जांच के बाद बारहकला निवासी 37 वर्षीय देवी सिंह अहिरवार को मृत घोषित कर दिया. परिजनों के अनुसार देवी सिंह पिपरिया मंडी में मूंग बेचने आए थे. वहीं गंभीर रूप से घायल रामकिशोर पटेल, निवासी पालाखेड़ी, को प्राथमिक उपचार के बाद नर्मदापुरम रेफर किया गया.

मतदाता सूची पर कमेटी की बैठक

राजनीतिक दलों को वितरित की गई सूचियां

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी. नगर परिषद एवं ग्राम पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के तहत गुरुवार को तहसील कार्यालय में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई.

बैठक में तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अंजू लोधी तथा नायब तहसीलदार नामदेव की उपस्थिति में नगर परिषद की अंतिम मतदाता सूचियों का वितरण किया गया.

बैठक के दौरान निर्वाचन शाखा प्रभारी उमाकांत मिश्रा ने जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, दावे-आपत्तियों के प्रावधान तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी. इस अवसर पर जनपद सदस्य, पार्षद और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

पूर्व शिक्षक रमेशचंद्र को दी श्रद्धांजलि

सिवनी मालवा 31 जुलाई. सिवनी मालवा की उपनगरी बानापुरा में युवा शिक्षक शैलेश यादव (शेलू चाचा) के पिता एवं पूर्व शिक्षक/वीएसी रमेशचंद्र यादव के निधन पर शोक की लहर व्याप्त है. उनकी पावन स्मृति में आयोजित शोकसभा में बड़ी संख्या में परिजन, इष्टमित्र, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. दिवंगत रमेशचंद्र यादव की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई.

वीर शासन जयंती पर आर्यिका भावनामति का संदेश

नवभारत न्यूज

इटारसी. नगर में चातुर्मास कर रहीं आर्यिका भावनामति माता ने वीर शासन जयंती के अवसर पर महावीर भवन में प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान महावीर ने आत्मविजय का मार्ग दिखाकर मानवता को अहिंसा, संयम और मोक्ष का संदेश दिया.

उन्होंने कहा कि जैन धर्म में सच्चा वीर वही है, जिसने अपने भीतर के क्रोध, मान, माया और लोभ पर विजय प्राप्त कर ली हो. उन्होंने कहा कि भगवान महावीर को केवलज्ञान प्राप्त होने के बाद उनके दिव्य उपदेशों का जो प्रवर्तन हुआ, वही 'वीर शासन' कहलाता है. उन्होंने कहा कि वीर शासन किसी जाति या वर्ग का नहीं, बल्कि आत्मा को संसार के बंधनों से मुक्त कराने वाला धर्मशासन है. उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान महावीर के बताए अहिंसा, सत्य, क्षमा, संयम और स्वाध्याय के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प का आह्वान किया.

अभियान 15 दिनों तक चला 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0' अभियान

समारोह में उत्कृष्ट प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरदा, 31 जुलाई . पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में जिला पुलिस हरदा द्वारा 15 से 30 जुलाई तक संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान का भव्य समापन शुक्रवार को निजी महाविद्यालय में हुआ.

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक शशांक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. समारोह में अभियान के दौरान जिलेभर में विद्यालयों, महाविद्यालयों, गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित रैलियों, नुक्कड़ नाटकों, शपथ, संवाद एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की झलक प्रस्तुत की गई. पुलिस अधीक्षक शशांक ने युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है, जिसके उन्मूलन के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा.

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं, अभियान में सहयोग देने वाले सामाजिक संगठनों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, एलबीएस महाविद्यालय के प्राध्यापकों, ब्रह्माकुमारी, हार्टफुलनेस संस्थान, सामाजिक न्याय विभाग सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

एसडीएम की अनुमति के बिना नहीं उठेगा स्टॉक

मूंग उपार्जन में फर्जीवाड़े पर प्रशासन सख्त

नवभारत न्यूज

इटारसी. मूंग उपार्जन वर्ष 2026-27 में पारदर्शिता बनाए रखने और संभावित गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम निलेश शर्मा, तहसीलदार सुनीता साहनी और मंडी सचिव प्रशांत पांडे की संयुक्त टीम ने इटारसी स्थित ओसवाल और आनंद वेयरहाउस सहित विभिन्न भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण किया.

शासन द्वारा मूंग खरीदी की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत किए जाने के बाद व्यापारियों द्वारा पुरानी मूंग को किसानों के नाम पर खपाने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है. नई व्यवस्था के तहत अब कोई भी व्यापारी एसडीएम (राजस्व) की लिखित अनुमति और अधिकृत राजस्व अधिकारी की उपस्थिति के बिना गोदाम से स्टॉक नहीं उठा सकेगा. साथ ही सभी लाइसेंसधारी व्यापारियों को अपने प्रारंभिक स्टॉक और गोदाम की जानकारी तत्काल मंडी कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी.

इनका कहना है ...

किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह निरीक्षण अभियान पूरे उपार्जन काल तक जारी रहेगा . गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी .

निलेश शर्मा, एसडीएम